<u>सॉफ्टवेयर इंजीनियर (आरएसबीवाई)</u>

आरएसबीवाई बैकएंड ऑपरेशन के लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियर को रखने के लिए विचारार्थ शर्तें

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आरएसबीवाई योजना कार्यान्वित की जा रही है। इसका उद्देश्य है अभिज्ञात लाभार्थी परिवारों को बड़े स्वास्थ्य जोखिमों से संरक्षित करना जिनमें अस्पताल में भर्ती होना शामिल है। देशभर में पैनलबद्ध अस्पतालों में पॉलिसी अवधि के दौरान स्मार्ट कार्ड के आधार पर ऐसे परिवार इन-पेशंट के तौर पर उपचार के लिए 30,000/-रु. के स्वास्थ्य बीमा कवर के हकदार हैं जिसमें प्रसूति और नवजात का बीमा कवर भी शामिल है। पूर्व विहित शर्तें कवर की गई हैं और कोई आयु सीमा नहीं है। परिवार का मुखिया, जीवन-साथी और तीन आश्रित इसमें कवर होते हैं।

आरएसबीवाई योजना को कार्यान्वित करने वाले सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी सहायता प्रदान करने तथा योजना के सुचारू संचालन और आरएसबीवाई के बैकएंड ऑपरेशन के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय पूर्णतया संविदात्मक आधार पर एनएचएसआरसी के माध्यम से आरएसबीवाई तकनीकी टीम की भर्ती कर रहा है।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर की प्रोफाइल

नियमित बीई/बीटेक/एमसीए वाला व्यक्ति जिसे इसके उपरांत कम से कम 4 वर्ष के कार्य का अनुभव हो।

- डेस्कटॉप और वेब एप्लीकेशन सहित डॉट नेट टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए डेवलपमेंट का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव।
- वेब सर्विसिज और एपीआई की डवलपिंग का अनुभव।
- आरडीबीएमएस का प्रयोग करते हुए एसक्यूएल प्रोग्रामिंग का अनुभव। डाटा बेस की प्रक्रिया और ट्रिगर्स और अन्य संकल्पनाओं की जानकारी।
- उत्कृष्ट संप्रेषण व प्रस्तुति दक्षता, ठोस अवधारण, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैयक्तिक योग्यता, अंग्रेजी व हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक तथा लिखित संप्रेषण दक्षता।
- बहु-आयामी टीम माहौल में कार्य करने की प्रदर्शन क्षमता।
- आरएसबीवाई योजना तथा इसके पहलुओं की जानकारी अतिरिक्त योग्यता होगी।

परामर्शदाता अन्य कार्यकलापों के अलावा निम्नलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होगा

- मौजूदा आरएसबीवाई सॉफ्टवेयर नए फीचर्स जोड़ना तथा डॉटनेट आधारित कोडिंग में बग्स हटाना।
- आरएसबीवाई की वेबसाइट का प्रबंधन और अपेक्षानुसार अद्यतन करना।
- पंजीकरण और ट्रॉजेक्शन प्रक्रियाओं से संबंधित सरूपण प्रक्रिया और डिजाइन सहित तकनीकी मामलों में परामर्श देना।
- मंत्रालय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में सभी आरएसबीवाई सॉफ्टवेयर मॉड्यूल्स संबंधी प्रशिक्षण देना।
- आरएसबीवाई सॉफ्टवेयर में किसी भी प्रकार के परिवर्तन, संवर्द्धन इत्यादि के उपरांत इसकी टेस्टिंग करना।

आयु सीमा : अधिकतम 40 वर्ष

संविधा अवधिः संविदा नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष के लिए होगी।

पारिश्रमिक सीमाः कार्य प्रोफाइल और अनुभव के अनुसार वेतन पैकेज प्रतिमाह 30,000/-रु. से 40,000/-रु. के बीच

आवेदन कैसे करें: कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह एनएचएसआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध ToR के साथ संलग्न आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को ई.मेल rsby.recruitment@gmail.com **में** दिनांक **14-Jun-2017 को अपराह्न्न 4 बजे तक अवश्य भेज दे**। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।